सांध्य दैनिक
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 46 | इंदौर, बुधवार 28 अगस्त, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Weather : 22 राज्यों में आज भारी बारिश का यलो अलर्ट; गुजरात-राजस्थान में जल प्रलय, त्रिपुरा में 1.37 लाख लोग बेघर

2. Kolkata Doctor Case Live: 12 घंटे के बंद से जनजीवन प्रभावित; कई जगह झड़पें, हिरासत में ली गईं लॉकेट चटर्जी

3. UP Police Exam: रंगत-मेहनत में पुल्लिंग कौन? गीदड़ का स्त्रीलिंग बताओ; भर्ती परीक्षा में इन सवालों ने उलझाया

4. 69000 शिक्षक भर्ती: आरक्षित के बाद अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थी भी पहुंचे सुप्रीम कोर्ट, फैसले के खिलाफ तीन याचिकाएं दाखिल

### MRP उवाच

हिंदुत्व के लिए सबसे बड़ा खतरा वो लोग हैं जो.. भगवान परशुराम में ब्राह्मण, भगवान राम में क्षत्रिय, भगवान कृष्ण में यादव ढूँढ़ते हैं।

( social मीडिया से साभार..)

# रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में मिलेंगी 28 हजार नौकरियां

◆ 6 देशों से डेलिगेट्स, टॉप बिजनेस ग्रुप्स आ रहे; वन-टू-वन और राउंट टेबल डिस्कशन होंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर । ग्वालियर में अब से कुछ देर बाद रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव शुरू होने जा रहा है। मध्यप्रदेश में 6 महीने में ये तीसरा कॉन्क्लेव है। इससे पहले जुलाई में जबलपुर और फरवरी में उज्जैन में कॉन्क्लेव हो चुके हैं। उज्जैन और जबलपुर के मुकाबले ग्वालियर के रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में उद्योगपतियों की दिलचस्पी ज्यादा है। इसकी वजह यह है कि देश के 7 बड़े रोड कॉरिडोर ग्वालियर-चंबल रीजन से होकर या इसके पास से गुजरते हैं।**

9 सेक्टर के इंडस्ट्री प्रमुखों ने ग्वालियर-चंबल रीजन में अपने उद्योग लाने की रुचि दिखाई है। कॉन्क्लेव में 28,788 रोजगार देने के लिए रोडमैप बनाया गया है। इसके 24 प्रस्ताव सीएम डॉ. मोहन यादव के सामने पेश किए जाएंगे। मुख्यमंत्री वर्चुअली औद्योगिक इकाइयों का भूमि पूजन कर इन्वेस्टर्स को जमीन भी आवंटित करेंगे।

कॉन्क्लेव में देश के बड़े बिजनेस ग्रुप- अडानी, अंबानी, बाटा के साथ कनाडा, नीदरलैंड, मैक्सिको, कोस्टारिका, टोंगो, जाम्बिया के डेलीगेट्स भी आ रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश की 22 इंडस्ट्रियल यूनिट का वर्चुअल भूमि पूजन और लोकार्पण करेंगे। इनमें 10 यूनिट ग्वालियर-चंबल की हैं।

**6 महीने में तीसरा कॉन्क्लेव-** मध्यप्रदेश में 6 महीने में ये तीसरा कॉन्क्लेव है। इससे पहले जुलाई में जबलपुर और फरवरी में उज्जैन में कॉन्क्लेव हो चुके हैं। उज्जैन और जबलपुर के मुकाबले ग्वालियर के रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में उद्योगपतियों की दिलचस्पी ज्यादा है। इसकी वजह यह है कि देश के 7 बड़े रोड कॉरिडोर ग्वालियर-चंबल रीजन से होकर या इसके पास से गुजरते हैं।




**मुख्यमंत्री ने की आयुष विभाग की समीक्षा**

# नर्मदापुरम समेत 5 जगह खुलेंगे आयुर्वेदिक कॉलेज

◆ मेडिकल कॉलेज जैसी होंगी सुविधाएं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। प्रदेश के पांच जिले नर्मदापुरम, बालाघाट, सागर, शुजालपुर और डिंडौरी में नए आयुर्वेदिक कॉलेज खोले जाएंगे। पीपीपी मोड पर इन कॉलेजों को खोलने की तैयारी की जा रही है, जहां मेडिकल कॉलेज जैसी तमाम सुविधाएं होंगी। इसके साथ ही ऐसे जिले जहां आयुर्वेद कॉलेज नहीं है। वहां भी पीपीपी मोड पर कॉलेज खोलने के लिए योजना बनाई जा रही है।**

यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को आयुष विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा कि आयुष विभाग में पैरा मेडिकल के पाठ्यक्रम बढ़ाए जाएं। इसमें उपचार और रोजगार के



अवसर अधिक हैं। बैठक में बताया गया कि भोपाल के पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय को अपग्रेड करने के लिए 19.98 करोड़ रुपए के निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं।

## उज्जैन को मेडिकल टूरिज्म डेस्टिनेशन बनाएंगे

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उज्जैन को मेडिकल टूरिज्म डेस्टिनेशन बनाएंगे, इस दिशा में तेजी से प्रयास किए जाएं। वहीं इंदौर की तरह उज्जैन में भी रेडीमेड कॉम्प्लेक्स, प्लग एंड प्ले औद्योगिक पार्क का विकास किया जाए। मुख्यमंत्री ने यह बातें मंगलवार को देवास रोड पर नागझिरी स्थित बेस्ट लाइफ स्टाइल इंडस्ट्रीज (वस्त्र उद्योग) के भ्रमण के दौरान कहीं। सीएम ने कहा कि बेंगलुरु की तरह उज्जैन में भी आईटी पार्क स्थापित किया जाएगा।

# वार्ड-83 उपचुनाव में भाजपा ने फाइनल किया टिकट

## गौड़ समर्थक जीतू राठौर को बनाया प्रत्याशी, कांग्रेस से नाम तय नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। 11 सितंबर को होने वाले वार्ड 83 के उपचुनाव को लेकर बीजेपी ने मंगलवार शाम अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया। इंदौर-4 से विधायक मालिनी गोड़ समर्थक जीतू राठौर को भाजपा ने टिकट दिया है। उधर, कांग्रेस अभी तक अपना उम्मीदवार तय नहीं कर पाई है। कल नामांकन का आखिरी दिन है।**

बीजेपी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को नगर अध्यक्ष, सांसद, महापौर और विधायक मालिनी गौड़ की इस वार्ड का उम्मीदवार फाइनल करने के लिए एक बैठक भी हुई थी जो की बेनतीजा निकली। वहीं कांग्रेस की तरफ से 4 लोगों की पैनल



बनाकर प्रदेश संगठन तक भेजी जा चुकी है। बताया जा रहा है कि कांग्रेस भी आज शाम तक अपना उम्मीदवार घोषित कर देगी।

### ऐसा है इस सीट का जातिगत समीकरण

वैश्य समाज बाहुल्य इस वार्ड में लगभग 22 हजार वोटर है। पिछली बार साढ़े 13 हजार के लगभग वोट डाले गए थे। स्वर्गीय कमल लड्डा सर्वाधिक लगभग 8 हजार से ज्यादा वोटों से जीते थे, वो माहेश्वरी समाज से आते थे। यहां लगभग 14 हजार से ज्यादा वैश्य समाज के वोटर हैं। सुदामा नगर क्षेत्र से 2 हजार के लगभग ब्राह्मण वोट भी आते हैं। विधायक गौड़, सांसद और महापौर ने दिए थे अपने-अपने समर्थकों के नाम

वार्ड 83 के उपचुनाव के लिए विधायक गौड़, सांसद और महापौर ने अपने-अपने समर्थकों के नाम संगठन को दिए थे। तीनों का मानना है कि उनके समर्थक को ही पार्टी को उम्मीदवार बनाना चाहिए। विधायक की तरफ से अभिषेक लड्?ढा और जितेंद्र राठौर का नाम आगे बढ़ाया गया था, तो वहीं महापौर ने भरत पारख का नाम आगे बढ़ाया है।

सूत्रों का कहना है कि पारख के लिए पिछली बार भी महापौर ने टिकट के लिए कहा था, लेकिन उनको टिकट मिलते-मिलते रह गया था। बताया जा रहा है कि भरत पारख महापौर के पुराने मित्र भी हैं। सांसद लालवानी ने कपिल जैन का नाम आगे बढ़ाया है।

### कांग्रेस ने भेजा 4 नामों का पैनल

कांग्रेस ने वार्ड 83 के उपचुनाव के लिए 4 नामों का पैनल बनाकर प्रदेश संगठन के पास भेजा है। इस पैनल में विकास जोशी, संजय मालवीय, नीलेश भूतड़ा और प्रवीण निखरा का नाम सामने आया है।

# निगम की वन टाइम टैक्स सेटलमेंट स्कीम बढ़ी

## जलकर से निगम ने अब तक वसूले 35 करोड़ 10 दिन और जमा कर सकेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नगर निगम द्वारा लागू वन टैक्स वन इंदौर योजन को 10 दिनों के लिए और बढ़ा दिया गया है। आगे भी जरूरत और परिस्थिति के हिसाब से निर्णय लिया जाएगा।**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि वन टाइम सेटलमेंट स्कीम के तहत 45 दिन की योजन लागू की गई थी। 25 अगस्त को इस योजना का आखिरी दिन था। चेक पोस्टिंग के आलावा करीब 35 करोड़ रुपए जलकर के तौर पर लोगों ने निगम के खाते में जाम किए हैं। यातायात को लेकर भी लगातार कोशिश की जा रही है। हमारा प्रयास है कि किस तरीके से ट्रैफिक कम हो सके। कई स्थानों में बेसमैंट चिह्नित किया है जहां पर पार्किंग को लेकर कब्जे किए गए हैं उन पर भी अब जल्दी एक्शन लिया जाएगा जिससे यातायात में भी काफी सुधार होगा। इंदौर शहर की सडक़ों की अगर बात की जाए तो जगह-जगह गड्ढे हो रहे हैं बारिश के चलते भी कुछ गड्ढों पर पैचवर्क का काम किया जाएगा। वहीं बारिश खत्म होने के बाद सडक़ों के निर्माण का कार्य भी शुरू हो होगा।

महापौर भार्गव ने कहा कि गोगा नवमी के अवसर पर अगले दिन सफाई मित्रों का अवकाश रहता है। इसी अभियान के तहत सभी कल इंदौर के सभी अधिकारी, जनप्रतिनिधि मैदान संभालेंगे। वहीं 2007 से लगे हुए 2500 सफाई मित्रों के विनियमितीकरण के कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा।

# डॉक्टर को लूटा, शराब के पैसे मांगे, नहीं दिए तो कार फोड़ी, चेन-कैश ले गए बदमाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। राऊ इलाके में कार सवार डॉक्टर और उनके दोस्त को बदमाशों ने लूट लिया। पुलिस ने रंगदारी और मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया है। कुछ दिन पहले सेज यूनिवर्सिटी के इंजार्च से भी नजदीक ही लूट की वारदात हुई थी। पुलिस के मुताबिक डॉक्टर शिवार्थ पांडे की शिकायत पर पुलिस ने जोगी और उसके साथियों पर केस दर्ज किया है।

डॉक्टर ने अपनी शिकायत में बताया कि वह अपने दोस्त आदित्य पटेल के साथ कार नंबर रूक्क०९ष्ट्य1795 से सुदामा नगर से मसाला नेशन रेस्टोरेंट जाने के निकले थे। उन्होंने रात करीब 10.15 बजे न्यूयॉर्क सिटी के सामने पुल के पहले कार रोकी। वहां कुछ लडक़े बाइक से आए। आरोपियों ने आते ही कार की चाबी निकाली। इसके बाद शराब पीने के लिए रुपए मांगे। डॉक्टर शिवार्थ और दोस्त आदित्य ने इनकार किया तो आरोपियों ने उन पर पत्थर फेंके। इससे उनके सिर, हाथ और पैर में चोट लगी। पुलिस के मुताबिक डॉक्टर ने अपनी शिकायत में बताया कि झूमाझटकी के बीच उनकी सोने की चेन, हाथ का सोने का कड़ा, नकदी, एटीएम और हाथ की घड़ी कहीं गिर गए। वहीं पत्थर से कार के कांच फूट गए। डॉक्टर शिवार्थ ने बताया कि आरोपी भागते समय अपने एक साथी का नाम जोन्गी करके पुकार रहे थे। पुलिस ने इसी के आधार पर अब आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

**सेज यूनिवर्सिटी के होस्टल इंचार्ज से हुई थी लूट-** तेजाजी नगर रोड को जोड़ने वाले इस बायपास पर कुछ दिन पहले सेज यूनिवर्सिटी के होस्टल इंचार्ज की लूट लिया था। कार सवार 5 आरोपी उनसे रुपए और सामान लेकर भाग गए थे। फुटेज के आधार पर खजराना से गौरव अभिषेक और उसके साथियों को पकड़ा गया।

# संयुक्त संचालक को टीचर्स ने सौंपा 7 सूत्रीय ज्ञापन

## अतिशेष शिक्षकों की विसंगति पूर्ण सूची के विरोध में मैदान में उतरे टीचर्स

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। टीचर्स ने संयुक्त संचालक को सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। अतिशेष शिक्षकों की विसंगति पूर्ण सूची के विरोध में वे मैदान में उतरे। शिक्षक संयुक्त मोर्चा कल्याण समिति के संयोजक हरीश बोयत, म.प्र शासकीय शिक्षक संगठन के जिलाध्यक्ष प्रवीण यादव ने बताया कि इंदौर जिले के सैकड़ों शिक्षकों को विसंगति पूर्ण नीति के तहत बीच सत्र में बच्चों के भविष्य की परवाह किए बगैर हटाया जा रहा है।

मंगलवार को सैकड़ों शिक्षक जे.डी ऑफिस में सूची के विरोध में संयुक्त संचालक कार्यालय पहुंच गए। कर्मचारी नेता हरीश बोयत, रमेश यादव, अशोक मालविया, प्रवीण यादव, आर. के शर्मा, अरुण पांडेय, पूरन कैथवास, विमल जारवाल, दिनेश परमार आदि ने सभा को संबोधित किया और सात सूत्रीय ज्ञापन संयुक्त संचालक अरविंद सिंह बघेल को सौंपा।

### ये है मुख्य पाइंट

1.उच्च पद के प्रभार वाले आदेश अभी तक जारी नहीं किए गए है।

2.एजुकेशन पोर्टल आज तक अपडेट नहीं किया गया है।

3. छात्र की मेपिंग अभी पूरी नहीं हुई है। वर्तमान छात्र संख्या के आधार पर ही अतिशेष शिक्षक बताए जाएं।

4. कई स्वस्थ कर्मचारियों को कैंसर आदि की गंभीर बीमारी बताकर उनको बचाया जा रहा है व विकलांग शिक्षकों के नाम जोड़ दिए है।

5. कई शिक्षकों के सेवानिवृत्ति में 2 से 3 वर्ष ही शेष रह गए है व कुछ को 1 माह ही रह जाने पर अतिशेष बता दिया गया है।

6. कई शिक्षकों के पोर्टल पर विषय गलत बताए जा रहे है।

7. विगत 7 वर्षो से युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया चल रही है फिर भी हर वर्ष हजार से ज्यादा शिक्षकों को अतिशेष बता दिया जाता है व सैकड़ों शिक्षकों को ट्रांसफर कर पूर्व से पदस्थ शिक्षकों को अतिशेष बता दिया जाता है।

संयुक्त संचालक अरविंद सिंह बघेल ने कहा कि किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। पीड़ित शिक्षक अपनी समस्याओं का आवेदन अपने संकुल प्रिंसिपल से टीप लिखाकर कल तक डीईओ ऑफिस में जमा कर दें। उसका निदान कर अतिशेष की गूगल शीट में सुधार किया जाएगा।

कार्यक्रम में हरीश बोयत, रमेश यादव, अशोक मालविया, प्रवीण यादव, आनंद हार्डिया, पवन मोहनिया, आर.के. शर्मा, मनोहर परमार, अरुण पांडेय, अभिनव तिवारी, अश्विन शर्मा, अनुराग तिवारी, भूरेसिंह मंडलोई, नागपाल वर्मा, जिम्मी सक्सेना, दिलीप करोले, जीवन विश्वकर्मा, अनुराग तिवारी, दिनेश राणे, अविनाश सैनी, हिमांशु अवस्थी, शिवनारायण परिहार, सुभाष गोयल, महावीर आर्य, महेश परमार. मीना सोनी, डॉक्टर रजनी शर्मा, हेमलता श्रीवास, करुणा कुरेरिया, ऐश्वर्य राजे गर्ग, अर्चना ठाकुर, हेमलता ठाकुर, वंदना गढ़वाल, प्रतिभा चतुर्वेदी, प्रतिमा जोशी, रेखा उपाध्याय, राखी दशोत्तर, श्रुति मिश्रा, वंदना दोशी, अंकिता जैन, अर्चना बघेल, मोना बघेल, प्रेमलता यादव, ममता वर्मा, प्रीति दुबे, काजल विनचुरकर, एकता निघवाल, सीमा वेद, भारती पैटर्नकर, मंजूषा पाठक, पद्मिनी लक्कड़, रेणुका यादव, सुशीला मालवीय, स्नेहल कुलकर्णी, रंजना जैन, गायत्री गीते, रुचिर शर्मा, सुमनलता घंगोरिया, विजयलक्ष्मी वर्मा, अनीता यादव, अंतिमबाला सिंह, रश्मि शर्मा, सुनीता चौहान, अनीता सुरजानिया, शशि शर्मा, सुनीता अवतारकर, परवीन खान, रजनी वाला, श्रुति मिश्रा, सुनीता उपाध्याय, अंजू बाजपेई आदि शामिल थे।

# समूह निदेशक डॉ. द्विवेदी व प्राचार्या डॉ. शर्मा को मिला इंस्पायरिंग लीडर्स अवार्ड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। उद्यमिता, नवाचार एवं उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय भूमिका निभाने वाले इंदौर के शिक्षाविद एवं ऑक्सफ़ोर्ड इंटरनेशनल कॉलेज-इंदौर इंटरनेशनल कॉलेज के समूह निदेशक और स्टार्ट-अप मेंटर डॉ. पुनीत कुमार द्विवेदी को मुंबई में 'इंस्पायरिंग लीडर्स अवार्ड-2024' कार्यक्रम में सम्मानित किया गया है। इसी आयोजन में साथ ही साथ इंदौर इंटरनेशनल कॉलेज की प्राचार्या डॉ. नेहा शर्मा चौधरी को भी उच्च शिक्षा के क्षेत्र एवं करियर मार्गदर्शन में महती भूमिका निभाने हेतु यह सम्मान दिया गया।**




समारोह में मुख्य अतिथि शादी डॉट कॉम के संस्थापक, जाने-माने स्टार्ट-अप निवेशक एवं शॉर्क टैंक कार्यक्रम के शॉर्क अनुपम मित्तल रहे। श्री मित्तल ने डॉ. द्विवेदी एवं डॉ. चौधरी को उक्त अवार्ड से सम्मानित किया। ख्यात शिक्षाविद डॉ. द्विवेदी द्वारा अब तक 23 पुस्तकों का लेखन एवं लगभग 25 पेटेंट्स का प्रकाशन किया गया है। विभिन्न राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय सम्मानों से सम्मानित डॉ. द्विवेदी इंदौर स्वच्छता अभियान के विगत 7 वर्षो से ब्रांड एंबेसेडर तथा उद्यमिता विकास के क्षेत्र में भी महती भूमिका निभा रहे हैं। आप डॉ. उच्च शिक्षा विभाग (मप्र शासन) द्वारा अवंतिका विश्वविद्यालय (उज्जैन) में राज्य सरकार द्वारा नामित सदस्य हैं। इसी तरह डॉ. नेहा प्रबंधकीय शिक्षा एवं विद्यार्थियों के करियर मार्गदर्शन हेतु लगभग 1500 मार्गदर्शन सत्रों का आयोजन कर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। आपके द्वारा भी कई पेटेंट्स एवं पुस्तकों का लेखन किया गया तथा कई बार सम्मानित हो चुकी है। दोनों की इस उपलब्धि पर संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट अक्षांशु तिवारी ने बधाई दी है।

# आर्मी जवान की हत्या करने वालों को उम्रकैद

## रंजिश के चलते दिया था वारदात को अंजाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। दोस्त की रंजिश के चलते छह युवकों ने संगमत होकर बाणगंगा थाना क्षेत्र में आर्मी जवान की तलवार मारकर हत्या कर दी थी। मामले में विशेष न्यायाधीश अजा-अजजा देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा ने आरोपी दिलीप, हेमंत उर्फ कालू पिता रामचंद्र वर्मा, रोहित, मोहित, अर्जुन और विकास सभी निवासी रामदत्त का भट्टा, बाणगंगा को धारा 302/149 में उम्रकैद, धारा 307/149 में 10-10 वर्ष का सश्रम कारावास तथा 54,000 रुपए का अर्थदंड किया। प्रकरण में पैरवी जिला लोक अभियोजन अधिकारी आरती भदौरिया ने की थी। अभियोजन के अनुसार, फरियादी योगेश पाल ने बताया कि वह मिलिट्री में नौकरी करता है और अभी छुट्टियों में घर आया था। 2 वर्ष पूर्व हेमंत कौशल, दिलीप कौशल, विकास उर्फ विक्की बौरासी मेरे छोटे भाई शुभम से रंजिश रखते थे। 22 जनवरी 2017 को मैं अपने दोस्त वरुण चौहान, जो कि आर्मी पठानकोट में टेक्नीशियन के पद पर पदस्थ था, के घर स्कीम नंबर 51 में खाना खाने गया था। रात्रि 10.30 बजे वरुण के साथ अपने घर आ रहा था। रामदत्त का भट्टा मैदान तक पहुंचा था, तभी आरोपियों ने हम दोनों पर हमला कर दिया। हेमंत ने वरुण के सिर, रोहित ने चेहरे तथा दिलीप ने मेरे सिर, मोहित ने दोनों हथेलियों में तलवार मारी।

### भाई आया था बचाने

विवाद की जानकारी लगने पर मेरा भाई शुभम, पिता बाबूलाल, मां प्रेमलता बीच-बचाव करने आए। इस पर विकास ने शुभम और अर्जुन ने पिता के कंधे पर तलवार मार दी थी। गंभीर घायल होने पर वरुण को अरविंदो अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां उसकी मौत हो गई थी। पुलिस द्वारा पेश किए गए चालान और गवाहों के बयानों को विश्वसनीय मानते हुए कोर्ट ने उक्त सजा सुनाई।

# भाजपा नेताओं के इशारे पर काम कर रही पुलिस

## कांग्रेसियों ने लगाए आरोप, एसपी को सौंपा ज्ञापन

इंदौर। महू तहसील के थानों की पुलिस भाजपा नेताओं के दबाव में झूठे केस दर्ज कर रही है। इस तरह के आरोप लगाते हुए कांग्रेसियों ने ग्रामीण पुलिस अधीक्षर हितिका वासल को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा कि सिमरोल पुलिस ने पिछले दिनों फरियादियों पर ही झूठा केस दर्ज कर लिया था। जबकि, भाजपा जनपद सदस्य उमेश ओसारी वन विभाग की जमीन आदिवासियों के कब्जे से छुड़ाकर खुद जमीन का पट्टे बनवाना चाहता है। अंसारी ने 14 साल की आदिवासी लडक़ी को बाल पकड़ कर पटका भी था। लडक़ी की मां और रिश्तेदार देवराज, फूलकुंवर के साथ भी मारपीट की थी। इस मामले में ओसारी पर केस दर्ज होना था, लेकिन पुलिस ने ऐसा नहीं किया। शिकायत कर्ता लडक़ी के भाई को ही आरोपी बना दिया, जो की 12वीं क्लास में पढ़ रहा है। वह घटनास्थल पर मौजूद भी नहीं था। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सदाशिव यादव ने कहा कि थाना बडगोंदा के टीआई लोकेंद्र सिंह की सबसे ज्यादा शिकायत आती है कि वह बीजेपी एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं उन्हें आप शीघ्र हटाया जाए। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष अशोक सैनी, शक्तिसिंह गोयल, गजेंद्र सिंह राठौड़, बैकुंठ पटेल एवं पीडित परिजन मौजूद थे।

# न्याय के लिए निकाला कैंडल मार्च

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शिक्षिका की प्रताडऩा से तंग आकर आत्महत्या करने वाले गौरव हाड़ा के परिजनों ने मंगलवार को कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च में वे न्याय की गुहार लगाते नजर आए। गौरव के पिता राजू हाड़ा निवासी फर्शीवाली गली भागीरथपुरा ने बताया कि उसके बेटे को कोचिंग पढ़ाने वाली शिक्षिका ब्लैकमेल करती थी। शिक्षिका ने बेटे की महिला थाने में झूठी शिकायत भी दर्ज कराई थी। इससे गौरव को सदमा लगा था। उसने थाने से आने के बाद घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। बेटा बीफार्मा की पढ़ाई कर रहा था। कैंडल मार्च परदेशीपुरा से पाटनीपुरा तक निकाला गया। इस दौरान पीडित पक्ष के लोग और अन्य समाजजन हाथों में तख्तियां लेकर चल रहे थे।

# बीमा लेने कार चोरी की लिखाई झूठी रिपोर्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट




इंदौर। बीमा कंपनी से पैसा लेने फरियादी ने खुद की कार चोरी की झूठी रिपोर्ट लिखाई थी। पुलिस ने घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे, फरियादी के बार-बार बयान बदलने से हकीकत सामने आ गई। कैमरे में फरियादी की असलियत उजागर हो गई। जोन दो के पुलिस उपायुक्त अभिनय विश्वकर्मा के मुताबिक, फरियादी आशुतोष पिता देवेन्द्र जैन निवासी गोयल नगर ने बताया कि उसने 18 अगस्त को अपनी बलेनो कार क्रमांक एमपी-04-झेडएच-3073 को घर के बाहर लॉक कर खड़ी कर गया था। दूसरे दिन कार घर के बाहर नहीं मिली तो आसपास ढूंढा। परेशान होकर थाने में शिकायत की। पुलिस ने कार चोरी की घटना को गंभीरता से लिया और आरोपी को पकडऩे टीम गठित की। एक टीम को टोल नाकों पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने को कहा,ताकि कार के नंबर से उसका रुट पता चल सके। इस दौरान पुलिस लगातार कार मालिक(फरियादी) से बयान लेती रही। बयान में विरोधाभास नजर आया। वहीं घर के पास लगे एक कैमरे में फरियादी खुद कार को अन्यत्र ले जाता दिखा। शंका होने पर पुलिस ने उससे कड़ी पूछताछ की तो उसने कार चोरी की झूठी रिपोर्ट लिखाना कबूला। कार उसने घर के पीछे झाडियों में खड़ी कर दी थी। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि कार उसके मां के नाम रजिस्टर्ड है। दोस्तों से उसने कुछ पैसे उधार लिए थे। उधारी चुकाने में नाकाम रहा तो कार चोरी की शिकायत दर्ज कराई। ताकि शिकायत के आधार पर बीमा कंपनी से पैसे लिए जा सकें। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# लेनदेन के विवाद में युवक पर जानलेवा हमला

इंदौर। लेनदेन के विवाद में पब के बाहर युवक पर चार बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया। हमला करने वालों में भूमाफिया और अफसर का बेटा भी शामिल है। मामला कनाडिया थाना क्षेत्र के बायपास स्थित पब के पास का सोमवार रात का है। पुलिस के मुताबिक, अग्रवाल नगर निवासी कारोबारी मुकेश गुप्ता का बेटा इशान पार्टी करने पब गया था। उसकी यहां पहले मौजूद हार्दिक धवन और अभि शाक्य से विवाद हो गया। हार्दिक भूमाफिया लक्की उर्फ राजीव धवन का बेटा है। अभि के पिता राजेश शाक्य राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसर हैं। आरोपी इशान को पब से बाहर ले गए और सिर पर शराब की बोतल मार दी। हमले में इशान की हालत गंभीर बनी हुई है। दिया। इशान मोबाइल बेचने का काम भी करता है। उसने आरोपियों को कुछ दिन पहले उधारी में मोबाइल बेचा था। उधारी के पैसे मांगने पर विवाद हो गया था। हमले में ट्रांसपोर्ट व्यवसायी के बेटे रोहन और ऋतिक अरोरा का भी नाम सामने आया है। आरोपी अभि शाक्य पर पिछले साल विजय नगर थाने में हिट एंड रन और जानलेवा हमले का केस दर्ज हुआ था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# चलती आयशर में लगी आग, शार्ट शर्किट से हादसा

इंदौर। कनाडिया इलाके के एक आयशर गाड़ी में मंगलवार देर शाम आग लग गई। यहां ड्रायवर ओर क्लीनर ने कूदकर अपनी जान बचाई। सूचना के बाद पुलिस ओर दमकल की टीमें मौके पर पहुंची थी। फायर ब्रिगेड के मुताबिक कंट्रोल रूम पर 7:45 बजे उनहें सूचना मिली थी कि बिचौली हप्सी के यहां एक आयशर गाड़ी में आग लगी है। सूचना के बाद यहां दमकल की टीमें मौके पर पहुंचे। आग को करीब एक टैंक से अधिका पानी डालकर बुझाया गया है। फायर ब्रिगेड के मुताबिक हादसे में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है।

## कांग्रेस नेता ने दिया श्री राम पर व्याख्यान

### पूर्व मंत्री मुकेश नायक बोले-

# जीवन में आने वाले दुख और नाकामी से मुक्ति का मूल मंत्र है प्रभु श्री राम का नाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मध्य प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के अध्यक्ष और पूर्व मंत्री मुकेश नायक ने आज इंदौर के गांधी हॉल में व्याख्यान सनातन धर्म, संस्कृति और परम्परा के वाहक श्रीराम पर व्याख्यान दिया। मुकेश नायक ने कहा है कि प्रेम और दया वाले सदाचारी राजा का राज ही रामराज्य है। जीवन मैं आने वाले दुख और नाकामी से मुक्ति का मूल मंत्र है प्रभु श्री राम का नाम। उन्होंने कहा कि सद्गुण और निर्गुण के बीच निरंतर संघर्ष होता है । जब-जब ऐसा लगता है कि सद्गुण पराजित हो जाएगा तो उस स्थिति में हमें सत्य और निर्बल के विश्वास के प्रतीक भगवान श्री राम की याद आती है । उन्होंने एक समय पर राक्षस तारक के द्वारा देवताओं के बीच मचाए गए आतंक, काम देवता की मदद से भगवान शिव की तपस्या को भंग करने की कोशिश, गंगा पार करने के लिए केवट की नाव पर सवार होने के भगवान राम के प्रसंग और धरती माता तथा राम जी के बीच हुए संवाद का वृतांत सुनाया।

नायक ने आगे बताया कि भगवान शिव भी हमेशा भगवान श्री राम के नाम का जाप करते हैं। भगवान राम इस सृष्टि के मूल कारक तत्व है। जीवन में जब भी दुख और नाकामी आए तो उससे मुक्ति के लिए महामंत्र भगवान श्री राम के नाम का जाप है। द्वार पर लगाए जाने वाला दीपक द्वारा के अंदर और द्वार के बाहर दोनों तरफ प्रकाश देता है। अयोध्या में रामराज्य एक ऐसा राज था जिसमें राजा पर प्रजा का अंकुश था। उस समय पर दूसरे की पीड़ा से राजा का हृदय दुखी होता था। नायक ने कहा कि रामराज्य की बात तो हम सभी ने बहुत सुनी होगी। रामराज्य का मतलब होता है सदाचारी राजा, जिसके मन में दया और प्रेम हो। ऐसा राजा जब राज करता है तो प्रजा में अपने आप अनुशासन आ जाता है। भगवान राम की भक्ति से ज्ञान का दीपक जलता है।

विचार मंच के डॉ. भरत छपरवाल, श्याम सुंदर यादव, शिवाजी मोहिते, प्रणिता दीक्षित आदि ने बताया कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम सामान्य जन से लेकर वनवासी अंचलों तक समरसता के सारथी के रूप में आम नागरिकों के दिलों में वास करते हैं, इसी उद्देश्य को लेकर यह रचनात्मक व्याख्यान का आयोजन रखा गया था, जिसमें आम नागरिकों सहित शहर के बुद्धिजीवियों को भी आमंत्रित किया गया था। विचार मंच के शिवाजी मोहिते ने कहा कि व्याख्यान की परिधि 120 मिनट थी, जिसमें मुख्य वक्ता मुकेश नायक ने अपने विचार रखे।

मुकेश नायक द्वारा दिए गए व्याख्यान के दौरान कांग्रेस नेता सज्जन सिंह वर्मा, राजेश चौकसे, गिरधर नागर, प्रदेश कांग्रेस महासचिव अफसर पटेल, ग्रामीण अध्यक्ष सदाशिव यादव, शहर कार्यकारी अध्यक्ष अमन बजाज, सुरजीत सिंह, अमित चौरसिया, पूर्व शहर अध्यक्ष विनय बाकलीवाल, निगम नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे सहित अन्य कांग्रेस नेता मौजूद थे।

# टाउनशिप की मनमानी, पचास से ज्यादा पेड़ काट डाले, रहवासी विरोध में उतरे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में 51 लाख पेड़ लगाने का अभियान चलाया, लेकिन कई जगहों पर मनमानी से पेड़ काटे जा रहे है। बायपास की विस्तारा टाउनशिप में कर्मचारियों ने 50 से ज्यादा पेड़ों पर कुल्हाड़ी चला दी और पेड़ों को ट्रॉली में भर लिया। इसके अलावा वे पौधे भी हटा दिए गए, जो हाल ही में अभियान में सहभागिता करते हुए रहवासियं ने लगाए थे।**

उनका कहना था कि रहवासी अनुमति के बगैर पेड़ न लगाए। रहवासियों ने तब टाउनशिप प्रबंधन के सामने विरोध जताया कि प्लॉट खरीदते समय कही भी अनुबंध में इस तरह की शर्त का उल्लेख नहीं किया गया। टाउनशिप भी नगर निगम को हस्तांतरित हो चुकी है। इस कारण प्रबंधन पेड़ों को हटाने के लिए बाध्य नहीं कर सकता। मंगलवार को टाउनशिप के चार कर्मचारी कुल्हाड़ी और आरी लेकर आए और 50 से ज्यादा पेड़ काट दिए। रहवासियों ने जब इसके बारे में पूछा तो कर्मचारियों ने कहा कि टाउनशिप के मुख्यालय से पेड़ हटाने के निर्देश मिले है। टाउनशिप मैनेजर आरपी प्रसाद ने इस बारे में कहा कि जो पेड़ कॉमन एरिया में लगे है, उन्हें हटाया गया है। पेडों को हम ट्रांसप्लांट करेंगे। रहवासियों का कहना है कि बगैर अनुमति पेड़ काटने पर हम कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर कराने की तैयारी कर रहे है।

# घर में आग लगाकर भागा बदमाश

इंदौर। जूनी इंदौर इलाके में एक बदमाश ने अलसुबह घर में आग लगा दी। घटना समय परिवार अंदर सो रहा था।सुबह महिला की नींद खुली तो उसने आग देखी। आहट से महिला की नींद खुली तो उसने बेटे और ननंद को भी जगा दिया। वे बदमाश के पीछे भागे लेकिन आरोपी ननंद को धक्का देकर भाग गया। महिला ने थाने जाकर केस दर्ज करा दिया। जूनी इंदौर पुलिस के मुताबिक आशा बरोले की शिकायत पर इसराईल उर्फ नींबू पर आगजनी करने सहित गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। आशा ने बताया कि वह जबरन कॉलोनी में ननंद रेखा, बेटे मोहित व ससुर अशोक के साथ रहती है। रविवार की रात में दरवाजा लगाकर सो गए। सोमवार सुबह करीब 5 बजे के लगभग धुएं की गंध से नींद खुली। घर में धुआं फैला तो ननंद और बेटे को आवाज लगाई। देखा तो दरवाजे के पास कपड़ा जल रहा था। मैंने ननंद और बेटे को भी जगा दिया और तुरंत दरवाजा खोला तो बाहर इसराइल हाथ में प्लास्टिक की बोतल लेकर खड़ा था। जिसमें ज्वलनशील पदार्थ था। मुझे देखकर वह गली में भागा।

# सतना में उफनती नदी में गायों को धकेला

## इंदौर समेत 5 जिलों में गिरा पानी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मध्यप्रदेश में 3 दिन से एक्टिव बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम अब थोड़ा कमजोर पड़ गया है। इस वजह से अगले 2 दिन कहीं भी तेज बारिश का अलर्ट नहीं है। मंगलवार को इंदौर, धार, रतलाम, गुना और सतना में हल्की बारिश हुई। भोपाल, ग्वालियर, नर्मदापुरम, उज्जैन समेत पूरे प्रदेश में धूप खिली रही। कहीं-कहीं बादल भी रहे।

29-30 अगस्त से फिर स्ट्रॉन्ग सिस्टम बनेगा। ऐसे में सितंबर की शुरुआत भी तेज बारिश से होगी। इस बार जून, जुलाई और अगस्त में मानसून सीजन के कोटे से ज्यादा पानी गिर चुका है। अब तक सीजन की 88% यानी 33 इंच बारिश हो चुकी है। सतना जिले के रैगांव क्षेत्र में बमहौर के पास रेलवे पुल के नीचे उफनाई नदी में गायों को जान बूझकर हांक दिया गया। मामला मंगलवार दोपहर का है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें साफ देखा जा सकता है कि उफनाई नदी के पानी के तेज बहाव में बहते हुए गाय वहां बने स्टॉप डैम से नीचे गिर गईं। बहाव के उलट तैरने की कोशिश कर रहीं कुछ गाय तो स्टॉप डैम से गिरते वक्त इस हालत में थीं कि उनके पैर भी ऊपर हो गए थे। इन गायों को दूसरे छोर पर खड़े दो युवक मार-मार कर पानी में जाने के लिए मजबूर कर रहे थे। इससे बचने के लिए गाय उफनाई नदी में चली गईं। हालांकि अभी ये पता नहीं चला है कि इन गायों का क्या हुआ। सिविल लाइन टीआई योगेंद्र सिंह ने बताया कि वीडियो देख कर ऐसा करने वालों की पहचान कर तलाश कराई जा रही है। उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# नगरीय विकास और आवास विभाग ने किए सीएमओ कैडर के अफसरों के तबादले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। नगरीय विकास और आवास विभाग ने मुरैना नगर निगम आयुक्त को बदल दिया है। मंगलवार को जारी आदेश में सत्येंद्र सिंह धाकरे को मुरैना नगर निगम का नया आयुक्त पदस्थ किया है। वहीं, भोपाल नगर निगम में पदस्थ सहायक आयुक्त को नगरीय विकास संचालनालय पदस्थ किया है।**

जारी आदेश में जिन 3 अधिकारियों को स्थानांतरित किया है, वे सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी कैडर के अफसर हैं। मुरैना नगर निगम आयुक्त बनाए गए धाकरे वर्तमान में स्मार्ट सिटी जबलपुर में सीईओ के रूप में कार्यरत हैं। वहीं मुरैना में पदस्थ निगमायुक्त देवेंद्र सिंह चौहान को भोपाल नगर निगम में अपर आयुक्त बनाया है। साथ ही भोपाल नगर निगम में पदस्थ सहायक आयुक्त आनंद कुमार को नगरीय विकास और आवास विभाग के संचालनालय में सहायक संचालक बनाया गया है। नगरीय विकास विभाग ने इसके पहले नगर परिषदों में पदस्थ चार सब इंजीनियरों को अतिरिक्त प्रभार देने के आदेश जारी किए हैं। इनमें पीएस राजपूत उपयंत्री नगर परिषद गढ़ाकोटा के साथ नगर परिषद शाहपुर जिला सागर की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है। बीके चतुर्वेदी नगर परिषद बड़ागांव टीकमगढ़ को नगर परिषद पृथ्वीपुर निवाड़ी का, धर्मेंद्र चौबे नगर परिषद निवाड़ी को नगर परिषद तरीचर कला निवाड़ी, किशोर डिंडोरकर नगर परिषद महेश्वर खरगोन को नगर परिषद मंडलेश्वर जिला खरगोन में उपयंत्री पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है।

## कंगना को मानहानि का नोटिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



भोपाल। भाजपा सांसद कंगना रनौत को किसान संघर्ष समिति ने उनके किसान आंदोलन पर दिए बयान के बाद मानहानि का नोटिस भेजा है। उन्हें एक सप्ताह में अपने बयान पर सार्वजनिक माफी मांगने को कहा गया है। ऐसा नहीं करने पर समिति उनके खिलाफ आपराधिक और सिविल मामला दायर करेगी। नोटिस में कंगना से 2 करोड़ रु की आर्थिक क्षति की मांग भी की गई है। किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष पूर्व विधायक डॉक्टर सुनीलम ने अपने वकील गुरुदत्त शर्मा के जरिए मंगलवार को यह नोटिस भेजा है। रजिस्टर्ड डाक से भेजे गए नोटिस में किसान संघर्ष समिति ने कंगना के बयान को बेहद आहत करने वाला बताया है। यह नोटिस उनके मनाली स्थित एड्रेस पर भेजा गया है, जिसमें पक्षकार किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष डॉक्टर सुनीलम को बनाया गया है।

## पत्थरबाजी का मुख्य आरोपी शहजाद गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

छतरपुर। छतरपुर में कोतवाली थाने पर पथराव के मुख्य आरोपी हाजी शहजाद को पुलिस ने मंगलवार दोपहर में गिरफ्तार कर लिया। हाजी गुपचुप तरीके से कोर्ट में सरेंडर करने जा रहा था, जिसकी सूचना पुलिस को मिली और घेराबंदी कर जिला अदालत के बाहर से उसे दबोच लिया। हाजी को जिला अस्पताल से मेडिकल कराकर कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उसे तीन दिन की पुलिस रिमांड पर सौंपा है। एडवोकेट लखन राजपूत ने बताया कि कोर्ट ने आदेश दिया है कि शहजाद अली का पहले मेडिकल कराया जाए। पूछताछ के दौरान मारपीट या अमानवीय व्यवहार नहीं किया जाए। उसके वकील और रिश्तेदार को मिलने की अनुमति भी दी जाए।

## कांग्रेसियों पर पुलिस ने वाटर कैनन चलाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मध्यप्रदेश में दलित वर्ग के साथ हो रही घटनाओं के विरोध में मध्यप्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग आंदोलन कर रहा है। भोपाल में सीएम हाउस का घेराव करने जा रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने अरेरा हिल्स पुलिस थाने के सामने रोक लिया। पुलिस ने उन्हें वापस लौटने की हिदायत दी, लेकिन लेकिन कार्यकर्ता अपनी बात पर अड़े रहे। पुलिस वाटर कैनन चलाकर प्रदर्शनकारियों को हटा रही है। इससे पहले आमसभा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा, एक-एक कांग्रेसजन और देश के नागरिक को मिलकर, उसकी रक्षा की शपथ लेना है। खड़े हो जाओ, हाथ ऊंचे करो और शपथ लो। जब तक जातिगतगणना प्रदेश और देश में नहीं हो जाती, तब तक प्रदेश का एक-एक साथी, हमारे बाबा साहब आंबेडकर का अनुयायी, चैन की सांस नहीं लेगा।

## कूनो में एक और चीते की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

श्योपुर। श्योपुर कूनो नेशनल पार्क में मंगलवार को एक और चीते की मौत हुई है। पवन नाम के इस चीते का शव झाड़ियों के बीच नाले में मिला है। चीते का सिर और आधा शरीर पानी में डूबा हुआ था। मौत की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। पार्क प्रबंधन ने बताया कि, सर्चिंग टीम को मंगलवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे चीता पवन का शव नाले के पास मिला है। बारिश की वजह से नाला ओवर फ्लो बह रहा है। ये एकमात्र चीता था, जिसे वन विभाग ने बाड़े से बाहर जंगल में छोड़ा था।

### बेंगलुरु की तर्ज पर बनेगा आईटी पार्क, सीएम बोले-

# औद्योगिकीकरण की दिशा में तेजी से बढ़ रहा उज्जैन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। मध्य प्रदेश औद्योगिकीकरण की राह पर अग्रसर है। उज्जैन भी पीछे नहीं रहने वाला। टेक्सटाइल उद्योग को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रोजेक्ट बनाए जा रहे हैं। इतना ही नहीं, बेंगलुरु की तर्ज पर उज्जैन में भी आईटी पार्क विकसित करने के निर्देश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिए हैं। उन्होंने इसके लिए जिला प्रशासन को जल्द से जल्द जमीन आवंटित करने के निर्देश दिए हैं।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को उज्जैन के नागझिरी स्थित बेस्ट लाइफ स्टाइल इंडस्ट्रीज (वस्त्र उद्योग) का दौरा किया। वहां उन्होंने 1000 से अधिक महिलाओं द्वारा किए जा रहे वस्त्र निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने महिलाओं के कार्य की गुणवत्ता की सराहना की और स्वयं मशीन चलाकर उनके साथ जुड़ाव दिखाया। इस दौरान विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, कलेक्टर नीरज कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, सीईओ जिला पंचायत ज्योति सिंह, कार्यकारी संचालक मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम उज्जैन राजेश राठौड़ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। एमपीआईडीसी के कार्यकारी संचालक राठौर ने बैठक में उज्जैन में औद्योगिक विकास के रोडमैप को प्रस्तुत किया, जिसमें आईटी पार्क, रेडीमेड कॉम्प्लेक्स, प्लग एंड प्ले सुविधाओं और विक्रम उद्योगपुरी के विस्तार की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।




### उद्योगपतियों को निवेश के लिए आकर्षित करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन में औद्योगिक विकास की गतिविधियों पर अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने उज्जैन को मेडिकल टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने और देश के प्रमुख उद्योगपतियों को यहां निवेश के लिए आकर्षित करने के प्रयासों को तेज करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, उन्होंने उज्जैन में आईटी पार्क की स्थापना के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने के निर्देश भी दिए, ताकि मालवा क्षेत्र के आईटी इंजीनियरों को रोजगार के अवसर मिल सकें।

### उज्जैन में बने कपड़े जा रहे हैं अमेरिका

मुख्यमंत्री ने उज्जैन के वस्त्र उद्योग की समृद्धि को पुनर्जीवित करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि उज्जैन में बने कपड़े अब अमेरिका और कनाडा जैसे देशों में निर्यात किए जा रहे हैं। उन्होंने इंदौर की तरह उज्जैन में भी रेडीमेड कॉम्प्लेक्स और प्लग एंड प्ले सुविधाओं के विकास की योजना पर काम करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान बेस्ट लाइफ स्टाइल के वाइस प्रेसिडेंट पुनीत जैन ने बताया कि उनकी इकाई में प्रतिदिन एक लाख से अधिक वस्त्र तैयार हो रहे हैं, जो अमेरिका और कनाडा को निर्यात हो रहे हैं। इस उद्योग में 1000 से अधिक महिलाओं को रोजगार मिल रहा है, जिसे बढ़ाकर 4000 तक ले जाने की योजना है।

# एमपी से निर्विरोध राज्यसभा सदस्य चुने गए जॉर्ज कुरियन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। केंद्रीय मंत्री और एमपी से बीजेपी के राज्यसभा प्रत्याशी जॉर्ज कुरियन निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। बीजेपी के डमी प्रत्याशी कांतदेव सिंह के नाम वापसी के बाद कुरियन को निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र रिटर्निंग अधिकारी और विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा ने सौंपा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा इस मौके पर मौजूद रहे। बता दें, कि गुना से लोकसभा सांसद निर्वाचित होने के बाद जून में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने राज्यसभा सीट छोड़ दी थी। सिंधिया के इस्तीफे के बाद खाली हुई इस सीट पर अब जॉर्ज कुरियन जून 2026 तक के लिए राज्यसभा गए हैं। कुरियन चार महीने के अंदर मध्यप्रदेश से राज्यसभा जाने वाले दूसरे सांसद हैं। इसी साल अप्रैल महीने में तमिलनाडु बीजेपी के नेता एल मुरुगन भी एमपी से राज्यसभा सांसद निर्वाचित हुए थे।



# संपादकीय


## रिपोर्ट ने खोला काला चिट्ठा

मलयालम फिल्म उद्योग को लेकर एक धारणा रही है कि केरल में होने के नाते वहां की स्थितियां बेहतर होंगी, महिलाओं के लिए अपेक्षया ज्यादा सहज और अनुकूल माहौल होगा। मगर कुछ महिला कलाकारों के आरोप के बाद अब जो मामले उजागर हो रहे हैं, उससे यही लगता है कि पर्दे पर प्रगतिशील और महिलाओं के हक में दिखने वाली फिल्मी दुनिया का भीतरी ढांचा कई स्तर पर महिलाओं के खिलाफ बहुस्तरीय शोषण की शर्मनाक तस्वीर भी छिपाए हुए है। मलयालम फिल्म उद्योग में महिला कलाकारों के शोषण के मसले पर 2017 में गठित न्यायमूर्ति हेमा समिति की रपट के अब सामने आने के बाद कुछ पुराने मामले भी उभर रहे हैं। गौरतलब है कि एक अभिनेत्री ने मलयालम फिल्मों के एक निर्माता रंजीत पर अनुचित व्यवहार करने का आरोप लगाया, जिसके बाद रविवार को रंजीत ने केरल चित्रकला अकादमी के प्रमुख के पद से इस्तीफा दे दिया। वहीं एक अन्य अभिनेत्री के यौन उत्पीड़न के आरोप के बाद अभिनेता सिद्दीकी ने 'एसोसिएशन आफ मलयालम मूवी आर्टिस्ट्स' के महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया। यों आरोपों के घेरे में आने वाली हस्तियों ने सच्चाई सामने आने का इंतजार करने का हवाला दिया है, मगर इस मसले पर गठित समिति की रपट में जो हकीकत सामने आई है, उसके बाद किस तरह के सच की उम्मीद की जा सकती है! संभव है कि आरोप और उसके साबित होने के बीच लंबा फासला हो। यह भी परिस्थितियों पर निर्भर करता है कि फिल्म में काम पाने के लिए किसी महिला को मजबूरी में जो समझौते करने पड़े, शोषण या भेदभाव के मसले पर चुप रहना पड़ा, उसके काफी समय बीत जाने के बाद आरोप उसी रूप में साबित हो सकें। मगर मलयालम फिल्मों की दुनिया में महिलाओं के साथ होने वाले अनुचित व्यवहारों को हेमा समिति ने जिस शक्ल में दर्ज किया है, उससे साफ है कि पर्दे पर दिखने वाली प्रगतिशील कहानियों का नेपथ्य महिला कलाकारों के लिए उतना ही अनुकूल नहीं रहा है। वैसी स्थिति की कल्पना भी बेहद तकलीफदेह है जिसमें किसी महिला को उस व्यक्ति की पत्नी की भूमिका निभानी पड़ी, उसे गले लगाना पड़ा, जिसने एक दिन पहले उसका यौन उत्पीड़न किया था। ऐसी न जाने कितनी घटनाएं काम नहीं मिलने और यहां तक कि प्रतिबंध लगाए जाने के हालात और मजबूरी के दुख में दब कर रह जाती होंगी और पर्दे पर चलती कहानियों के आधार पर फिल्म जगत की भीतरी दुनिया के बारे में लोग सकारात्मक राय बनाते होंगे। मगर उस दुनिया में महिलाओं के लिहाज से हकीकत कई बार उलट भी हो सकती है। किसी फिल्म की कहानी महिलाओं से होने वाले भेदभाव, उनके शोषण से जुड़े मुद्दे उठाती दिख सकती है, लेकिन यह जरूरी नहीं कि इसके निर्माण से जुड़े समूह में महिलाओं के हक और सम्मान का भी उतना ही खयाल रखा गया हो। हिंदी फिल्म उद्योग में महिला कलाकारों और खासतौर पर फिल्मी दुनिया में जगह बनाने पहुंची नई युवतियों को कैसी विपरीत परिस्थितियों और कई बार शोषण का सामना करना पड़ता है, इससे संबंधित खबरें पहले भी आती रही हैं। एक अघोषित चलन के तौर पर 'कास्टिंग काउच' नई महिला कलाकारों के लिए क्या साबित होता होगा, इसकी कल्पना की जा सकती है।

### अर्ज़ किया है..!

*हम ने सीने से लगाया दिल*
*न अपना बन सका*
*मुस्कुरा कर तुम ने देखा*
*दिल तुम्हारा हो गया*

-जिगर मुरादाबादी




## ज्ञान-विज्ञान

# तेजी से म्यूटेट हो रहा एमपॉक्स स्ट्रेन, हवा में तीर चला रहे अफ्रीकी वैज्ञानिक, दुनिया पर सीधा असर

**डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो से फैले नए एमपॉक्स स्ट्रेन का अध्ययन करने वाले वैज्ञानिकों का कहना है कि वायरस उम्मीद से कहीं अधिक तेजी से बदल रहा है। उन्होंने कहा कि अफ्रीकी क्षेत्रों के विशेषज्ञों के पास इसे ठीक से ट्रैक करने के लिए पैसे और उपकरणों की भी भारी कमी है। इसका मतलब है कि इस वायरस के बारे में अब भी कई अज्ञात बातें हैं, जो इसकी गंभीरता को और बढ़ा रहा है। वैज्ञानिक यह समझने में भी नाकाम हैं कि नया एमपॉक्स स्ट्रेन कितना गंभीर है और कैसे फैल रहा है।**



### एमपॉक्स ने फिर मचाई खलबली

एमपॉक्स को पहले मंकीपॉक्स के नाम से जाना जाता था। यह 1970 से अफ्रीका के कुछ हिस्सों में एक सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या रही है, लेकिन 2022 में इसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ध्यान खींचा है। एमपॉक्स के तेजी से फैलते संक्रमण के कारण इसे विश्व स्वास्थ्य संगठन को वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित करना पड़ा। हालांकि, वह घोषणा 10 महीने बाद समाप्त हो गई। लेकिन, क्लेड आईबी के नाम से जाने जाने वाले वायरस के एक नए स्ट्रेन ने डब्ल्यूएचओ को फिर से एक नया स्वास्थ्य आपातकाल घोषित करने पर मजबूर किया।

### तेजी से बदल रहा एमपॉक्स वायरस

यह स्ट्रेन क्लेड I का म्यूटेट वर्जन है, जो संक्रमित जानवरों के संपर्क से फैलने वाला एमपॉक्स का एक रूप है। यह दशकों से कांगो में फैलता रहा है। एमपॉक्स आमतौर पर फ्लू जैसे लक्षण और मवाद से भरे घाव पैदा करता है और जानलेवा भी हो सकता है। WHO के अनुसार, इस साल कांगो में क्लेड I और क्लेड Ib एमपॉक्स के 18,000 से ज्यादा संदिग्ध मामले सामने आए हैं और 615 मौतें हुई हैं। पिछले महीने चार अफ्रीकी देशों में क्लेड Ib के 222 पुष्ट मामले भी सामने आए हैं, साथ ही स्वीडन और थाईलैंड में भी एक-एक मामला सामने आया है, जो अफ्रीका की यात्रा करने वाले लोगों में पाया गया है।

### एमपॉक्स को लेकर अंधेरे में वैज्ञानिक

नाइजीरिया के नाइजर डेल्टा यूनिवर्सिटी अस्पताल में संक्रामक रोग विशेषज्ञ डॉ. डिमी ओगोइना, जो WHO की एमपॉक्स आपातकालीन समिति के अध्यक्ष हैं, ने कहा, 'मुझे चिंता है कि अफ्रीका में हम आंख मूंदकर काम कर रहे हैं।' उन्होंने सबसे पहले 2017 में एमपॉक्स के संभावित यौन संचरण के बारे में चिंता जताई थी, जो अब वायरस के फैलने का एक स्वीकृत मार्ग है। ओगोइना ने कहा, 'हम अपने प्रकोप को अच्छी तरह से नहीं समझते हैं, और अगर हम अपने प्रकोप को अच्छी तरह से नहीं समझते हैं तो हमें संचरण की गतिशीलता, बीमारी की गंभीरता, बीमारी के जोखिम कारकों के संदर्भ में समस्या का समाधान करने में कठिनाई होगी।' उन्होंने कहा, 'और मुझे इस बात की चिंता है कि वायरस म्यूटेट हो रहा है और नए स्ट्रेन पैदा कर रहा है।'

New Delhi

# दुश्मनों की आई शामत, 73 हजार घातक बंदूकें खरीद रहा है भारत; US से हुई बड़ी डील

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारतीय सेना के हथियारों में भारी इजाफा होने जा रहा है। खबरें हैं कि अमेरिका के साथ 70 हजार से ज्यादा बंदूकों की एक डील हुई है। बीते साल दिसंबर में ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अगुवाई वाली काउंसिल ने इन बंदूकों की खरीद पर मुहर लगा दी थी। खास बात है कि यह खरीद ऐसे समय पर होने जा रही है, जब सीमा पर चीन और पाकिस्तान के साथ भारत के रिश्ते तल्ख बने हुए हैं।

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने अमेरिका से 73 हजार SiG Sauer असॉल्ट राइफल की डील की है। खास बात है कि ये सेना के लिए पहले खरीदी गईं ऐसी 72 हजार 400 बंदूकों के जखीरे में



शामिल होंगी। SiG-716 राइफल्स 7.62x51mm कैलिबर गन होती हैं, जिनकी मारने की क्षमता 500 मीटर होती है। ये चीन और पाकिस्तान से लगी सीमाओं पर तैनात सैनिकों को दी जानी हैं। अखबार से बातचीत में एक सूत्र ने बताया कि यह रिपीट ऑर्डर 837 करोड़ रुपये का है। दरअसल, ऐसा कहा जा रहा है कि रूसी AK-203 Kalashnikov राइफल्स के निर्माण में आ रही देरी के चलते भारत को 72 हजार 400 SiG-716 बंदूकें आयात करनी पड़ी थीं। तब समझौता 647 करोड़ रुपये में हुआ था। इनमें से 66 हजार 400 बंदूकें थल सेना, 4 हजार वायुसेना और 2 हजार नौसेना को दी जानी थीं। बीते साल दिसंबर में इस खरीदी पर सरकार ने मुहर लगा दी थी। साथ ही सेना 40 हजार 949 लाइट मशीन गन भी खरीद रही है.

New Delhi

# RSS प्रमुख मोहन भागवत की सुरक्षा Z प्लस से बढ़ाकर ASL हुई , IB ने खतरे को लेकर किया था अलर्ट



**नई दिल्ली, (एजेंसी) RSS प्रमुख मोहन भागवत की सुरक्षा को बढ़ा दिया गया है. मोहन भागवत को पहले से ही Z plus श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई है. जानकारी के अनुसार, मोहन भागवत की सुरक्षा को अब जेड प्लस से बढ़ाकर एडवांस सिक्योरिटी लाइजन (ASL) कर दिया गया है. बता दें कि मोहन भागवत की सुरक्षा CISF जवानों के द्वारा की जाती है.**

रिपोर्ट के अनुसार, मोहन भागवत की सुरक्षा आईबी के थ्रेट अलर्ट के बाद बढ़ाई गई है. अब नई सिक्योरिटी के बाद CISF की टीम उस स्थान पर पहले से ही मौजूद रहेगी जहां मोहन भागवत को जाना होगा. मौजूदा समय में उनकी सुरक्षा में 58 कमांडो क्लॉक वाइज तैनात रहते हैं.

बता दें कि जिस शख्स को ASL स्तर की सुरक्षा मिलती है उसकी सुरक्षा से संबंधित जानकारी जिला प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य और अन्य विभागों जैसी स्थानीय एजेंसियों की भागीदारी को अनिवार्य करता है. जानकारी के अनुसार, इसमें बहुस्तरीय सुरक्षा घेरा होता है. साथ ही चॉपर यात्रा की अनुमति केवल विशेष रूप से डिजाइन किए गए हेलीकॉप्टरों में ही दी जाती है. जिसके लिए अलग तरह का प्रोटोकॉल होता है.

Uttarpradesh

# स्कूल से घर लौटीं इंटर की छात्राओं ने खाया जहर, मौत

**मैनपुरी, (एजेंसी)** मैनपुरी के कुरावली में कोतवाली क्षेत्र के गांव कल्याणपुर में मंगलवार को स्कूल से घर लौटकर आईं इंटर की दो छात्राओं ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन एक छात्रा को कुरावली सीएचसी और दूसरी को एटा के निजी अस्पताल में ले गए। वहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

घटना मंगलवार शाम की है। गांव कल्याणपुर निवासी अंशिका (16) पुत्री देवेंद्र सिंह और गांव की ही दिव्या (16) पुत्री कुंवर सिंह एटा के कस्बा मलापान स्थित आरकेएस इंटर कॉलेज में कक्षा 12 की छात्राएं थीं। दोनों में दोस्ती भी थी। दोनों मंगलवार की सुबह स्कूल बस से स्कूल गई थीं। दोपहर 215 बजे स्कूल की छुट्टी होने के बाद दोनों घर लौट आईं। घर पहुंचते ही दोनों के सीने दर्द होने लगा। कुछ देर में हालत बिगड़ गई। दोनों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि सूचना पर पुलिस ने मौके पर जाकर जानकारी जुटाई है। दोनों ने जहरीले पदार्थ का सेवन किया है या कोई ओर वजह है। इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट से होगा। घटना को लेकर पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई है।

Gujrat

# गाड़ियां-घर सब पानी के अंदर, गुजरात की सड़कें बनीं समंदर... राजकोट-सूरत समेत कई शहरों में बाढ़ जैसे हालात

**अहमदाबाद, (एजेंसी)** गुजरात में भारी बारिश से हाहाकार मचा है. सूरत, कच्छ समेत करीब दर्जनभर जिलों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं.राज्य में पिछले 48 घंटों से हो रही मूसलाधार बारिश से नदियां उफान हैं. इसके चलते कई जिलों के निचले इलाकों में पानी भर गया है.

इस बीच मौसम विभाग ने अभी बारिश से राहत नहीं मिलने की संभावना व्यक्त की है. मौसम विभाग (IMD) ने अभी तीन दिन भारी बारिश की चेतावनी जारी की है. भारी बारिश के कारण राजकोट में शहर की सड़कों पर इतना पानी है कि गाड़ियां पूरी तरह से डूब चुकी हैं. घरों में इतना पानी भर गया है कि बुजुर्गों को कंधों पर उठाकर रेस्क्यू किया जा रहा है. सड़क के ऊपर बह रहे पानी का बहाव इतना तेज है कि एक



बाइक सवार अपना बैलेंस खो बैठा. खुद तो किसी तरह बच गया लेकिन बाइक पानी में बह गई.राजकोट का रामनाथ महादेव मंदिर भी अब सैलाब की चपेट में है. आस-पास की गलियों से बरसाती नाले पूरी रफ्तार से बह रहे हैं. राजकोट में दो दिन में बीस इंच से ज्यादा बारिश दर्ज हुई है. पंचमहल में तीन बड़े बांध भारी बारिश की वजह से ओवरफ्लो हो गए हैं. इनसे लाखों क्यूसेक पानी अबतक छोड़ा जा चुका है.

## खेल

# सुमित नागल यूएस ओपन के पहले दौर में बाहर, कोको गॉफ-जोकोविच आसान जीत के साथ दूसरे दौर में

**न्यूयॉर्क, (एजेंसी) भारत के शीर्ष खिलाड़ी सुमित नागल यहां शुरुआती दौर में नीदरलैंड के टालोन ग्रिक्सपुर से सीधे सेटों में हारकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल से बाहर हो गए। नागल को अपनी पहली सर्विस में संघर्ष करना पड़ा और वह सोमवार की रात को खेले गए मैच में ग्रिक्सपुर से 1-6, 3-6, 6-7(8) से हार गए। वहीं, सर्बिया के नोवाक जोकोविच राडू एल्बॉट के खिलाफ 6-2, 6-2, 6-4 से मैच जीतकर दूसरे दौर में पहुंच गए।**

नागल ने दो घंटे और 20 मिनट तक चले मैच में दो बार अपने प्रतिद्वंद्वी की सर्विस तोड़ी जबकि नीदरलैंड के खिलाड़ी ने ब्रेक प्वाइंट के 11 मौकों में से छह को भुनाया। झज्जर के रहने वाले 27 वर्षीय नागल को लय हासिल करने में कुछ समय लगा। उन्होंने शुरू में कई गलतियां की जिनका आखिर में उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा।



दूसरे सेट में जब नागल 3-5 से पीछे थे तब हल्की बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। इसके बाद उन्होंने कुछ अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन यह जीत के लिए पर्याप्त नहीं था। नागल अब पुरुष युगल में अपनी चुनौती पेश करेंगे। पुरुष युगल में भारत के रोहन बोपन्ना, युकी भांबरी, एन श्रीराम बालाजी और नागल अलग-अलग जोड़ीदारों के साथ खेलेंगे।

वहीं, मौजूदा चैंपियन कोको गॉफ ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खिताब का बचाव करने के अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। गॉफ ने सोमवार को यहां पहले दौर के मैच में वरवरा ग्रेचेवा को 6-2, 6-0 से पराजित किया। गॉफ हाल में खराब फॉर्म से जूझ रही थी लेकिन उन्होंने शुरू से लेकर आखिर तक दबदबा बनाए रखा।

उन्होंने मैच के बाद कहा, 'पिछले कुछ सप्ताह मुश्किल भरे थे। मैं अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध थी लेकिन मुझे अपने अलावा किसी के सामने कुछ साबित नहीं करना है।' अमेरिका के एक अन्य खिलाड़ी और पिछले साल सेमीफाइनल में पहुंचने वाले 13वीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन ने 2020 के चैंपियन डोमिनिक थिएम को 6-4, 6-2, 6-2 से हराया। थिएम का यह अमेरिकी ओपन में आखिरी मैच था क्योंकि वह पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि इस सत्र के बाद वह संन्यास ले लेंगे।

अमेरिकी ओपन में 2017 की चैंपियन स्लोएन स्टीफंस ने क्लारा ब्यूरेल के खिलाफ शुरुआती नौ गेम जीते लेकिन इसके बाद उनकी लय गड़बड़ा गई और उन्हें 0-6, 7-5, 7-5 से हार का सामना करना पड़ा। महिला वर्ग में जिन अन्य वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों ने अगले दौर में जगह बनाई उनमें इस महीने की शुरुआत में पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली सातवीं वरीयता प्राप्त झेंग क्विनवेन, ओलंपिक की रजत पदक विजेता और यहां 24वीं वरीयता प्राप्त डोना वेकिच, 12वीं वरीयता प्राप्त डारिया कसाटकिना और 14वीं वरीयता प्राप्त मैडिसन कीज़ शामिल है।

## सिनेमा

# स्त्री 2 की सक्सेस के बाद श्रद्धा कपूर हुईं नए अपार्टमेंट में शिफ्ट, बन गईं अक्षय कुमार की पड़ोसन



श्रद्धा कपूर इन दिनों अपनी और राजकुमार राव की फिल्म स्त्री 2 की सक्सेस एंजॉय कर रही हैं। प्रोफेशनल लाइफ में धमाल मचाने के बाद श्रद्धा ने पर्सनल लाइफ में भी एक कमाल कर दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक श्रद्धा ने अपना नया घर लिया है। दिलचस्प बात यह है कि इस नए घर को लेने के बाद अब श्रद्धा, अक्षय कुमार की पड़ोसन बन जाएंगी।

हिन्दुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक श्रद्धा ने ऋतिक रोशन का सी फेसिंग अपार्टमेंट रेंट पर ले लिया है। पहले ऐसी खबर थी कि इस अपार्टमेंट को वरुण धवन और नताशा दलाल लेंगे और अपनी बेटी के साथ शिफ्ट होंगे। लेकिन शायद ऐसा हुआ नहीं। वहीं अब खबर आ रही है कि श्रद्धा ने वो अपार्टमेंट ले लिया है।

देखा जाए तो यहां स्त्री कनेक्शन निकल रहा है। अक्षय का स्त्री 2 में कैमियो है और अब दोनों पड़ोसी भी बन जाएंगे। फैंस इस खबर को जानकर काफी खुश हैं और श्रद्धा को बधाई दे रहे हैं। हालांकि एक्ट्रेस ने अभी इस बारे में कुछ कमेंट नहीं किया है। स्त्री 2 के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो फिल्म ने 12वें दिन 17 करोड़ की कमाई की है। फिल्म ने अब तक टोटल 401.55 करोड़ कमा लिए हैं।

## Highlights

1. **Thief breaks into director's 6th floor home, runs away after pet cat awakens family**

2. **Sanskrit school kids to get scholarship of ₹50-150 per month in UP**

3. **What's open & what's closed today as BJP-led Bengal Bandh begins?**

4. **Akbarganj, Fursatganj & 6 other railway stations in Lucknow division renamed**

5. **CBI to conduct lie detector test on Kolkata Police ASI Anup Dutta in rape-murder case**

# Apple layoffs: Tech giant cuts 100 digital services jobs amid big AI moves



**NEW DEIHI, (Agency).** Apple eliminated about 100 jobs in its digital services group, with the biggest cuts affecting the team responsible for its Apple Books app and Apple Bookstore, Bloomberg News reported. The layoffs include some engineering roles and other services teams like the one that runs Apple News, the report said citing people in the know.

However, it was unclear how many employees Apple had in its services division. Apple had approximately 161,000 full-time equivalent employees as of September 30, 2023, as per its latest annual report.

Apple has been reorganizing teams amid shifting priorities, including to artificial intelligence. The company has previously suspended work on its next high-end Vision headset and shuttered a project to design and develop its own smartwatch displays earlier this year, it was reported.

This comes as Apple has been facing problems in China, its third-largest market, since last year, where sales declined 6.5% last quarter.

# Booming India Primary Market Lures Funds From Pricey Stocks

**NEW DEIHI, (Agency).** The ongoing boom in new-share offerings in India has caught the fancy of global funds, who seem to be shunning the nation's secondary market for its high valuations.

Global funds net bought shares worth $6.6 billion through initial public offerings, preferential allotments and sales to large investors in 2024 so far, the highest since the



record year of 2021, according to National Securities Depository Ltd.'s data. In contrast, they've pulled $3.6 billion from local shares during the same period.

The divergence comes as Indian secondary-market stocks are among the priciest in the world, at about 24 times 12-month forward earnings. For global funds, the allure of gaining earlier exposure to Indian companies through the primary route remains strong as the country readies for more than $10 billion in IPOs in the second half of the year, including that of Hyundai Motor Co.

"The long-only money from the US and Europe is increasing" for India, said Kailash Soni, head of India equity capital markets at Goldman Sachs Group Inc. "Beyond the emerging market funds, meaningful conversations are taking place with global portfolio managers" for investments in IPOs, he said.

# राजवाड़ा पर महापौर-अधिकारियों ने लगाई झाड़ू, पोहे भी खाए

## ◆ सफाई मित्रों के अवकाश पर संभाली बागडोर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बुधवार को गोगानवमी पर्व पर इंदौर के जनप्रतिनिधि और अधिकारी सफाई के मैदान में उतरे। महापौर पुष्यमित्र भार्गव, कलेक्टर आशीषसिंह और निगमायुक्त शिवम वर्मा सुबह-सुबह राजवाड़ा पहुंचे। यहां उन्होंने सफाई की। व्यवस्थाओं का जायजा लिया और पोहे भी खाए।



**गोगा नवमी पर सफाई में सहयोग के लिए क्रिकेटर आवेश खान ने भी वीडियो जारी किया। कहा कि मैं अभी शहर से बाहर हूं, पर मेरा परिवार इसमें पूरी सहभागिता करेगा।**

दरअसल गोगा नवमी पर्व पर सफाई मित्रों का अवकाश रहता है। इसके चलते इंदौर के सफाई में नंबर वन आने के पहले से यह परंपरा चली आ रही है कि इस दिन जन प्रतिनिधि और अधिकारी सफाई के लिए मैदान संभालते हैं। इनके साथ अपने-अपने इलाकों के जन प्रतिनिधि और संस्थाएं जन भागीदारी से स्वच्छता अभियान में शामिल होते हैं।

## अपने-अपने इलाकों में इन संगठनों ने भी की सफाई

जनप्रतिनिधियो के साथ ही रहवासी संगठन, सामाजिक संगठन, धार्मिक संगठन, सिक्ख समाज, बैंकिग संगठन आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, एसबीआई बैंक, यूको बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक, मार्केट एसोसिएशन, लायंस क्लब एनएसएस, एनसीसी, बीएसएफ, 15वीं बटालियन, स्वयंसेवक संघ, एनजीओ टीम बेसिक्स, टीम डिवाईन, टीम एचएमएस, टीम एफएफसीटी के प्रतिनिधियो द्वारा स्वच्छता महा जनभागीदारी अभियान से अपने-अपने क्षेत्रो में सफाई अभियान में शामिल है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक